ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination
SLE 2022

# GRADE 5

# HINDI

Subject Code: | 8 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 30

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एच बी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **30 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश: इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. कौन-सा शब्द 'वि' उपसर्ग से नहीं बना है?

   (A) विकास (B) व्याप्त
   (C) विज्ञान (D) विशाल

2. कौन-सा शब्द चाँद का पर्याय नहीं है?

   (A) चन्द्रमा (B) मयंक
   (C) शशि (D) दिनकर

3. 'विज्ञान' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है?

   (A) व् + इ + ज् + ञ + आ + न् + अ (B) व् + ई + ज् + ञ + आ + न्
   (C) व् + ई + ज् + ञ + आ + न् + अ (D) व् + इ + ज् + आ + न् + अ

4. किस शब्द का स्त्रीलिंग रुप गलत है?

   (A) मोर – मोरनी (B) काका – काकी
   (C) भाई – भाभी (D) दादा – नानी

5. 'आँखें दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ है?

   (A) बुरा लगना (B) होश आना
   (C) क्रोध करना (D) धोखा देना

6. 'ओणम' किस राज्य में धूमधाम से मनाया जाता है?

   (A) गुजरात (B) केरल
   (C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

7. कौन-सा शब्द 'अमर' शब्द के लिए अनेकार्थी है?

(A) अविनाशी
(B) जो मरे नहीं
(C) देवता
(D) जो आर्य न हो

8. 'साहित्यिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है?

(A) आलू
(B) इया
(C) इक
(D) आ

9. किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(A) राम अच्छा लड़का है।
(B) मैंने आज दो किताबें खरीदी।
(C) दूषित पानी हानिकारक होता है।
(D) वहां कुछ लोग खड़े हैं।

10. किस वाक्य में संयुक्त क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(A) तुम जा रही हो।
(B) तुम कल आना।
(C) वह संस्कृत बोल सकता है।
(D) तुम रो रही हो।

11. 'पेट काटना' इस मुहावरे का क्या अर्थ है?

(A) कम खाना
(B) थोड़ा खाकर बचाना
(C) पेट को काटना
(D) नहीं खाना

12. ब + अ + न् + द् + अ + र + अ शब्द का वर्ण संयोजन होगा?

(A) बंदर
(B) बन्दरी
(C) वानर
(D) वानरी

13. निम्न में से संकर्मक क्रिया वाला वाक्य चुनिए–

(A) नीता खाना बना रही है।
(B) राधा रो रही है।
(C) चोर भाग गया।
(D) तुम बहुत लड़ते हो।

14. किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(A) मुझे थोड़ा दूध चाहिए।
(B) गीता बहुत सुंदर नृत्य करती है।
(C) कमरे में चार-पाँच लोग बैठे हैं।
(D) भीड़ में मेरी किताब खो गई।

15. 'निर्धन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(A) नि
(B) निध
(C) निर्
(D) नी

16. बच्चा जब विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने विद्यालय जाता है, तो निम्नलिखित में से किन दो कौशलों का शिक्षण कराया जाता है?

(A) सुनना-बोलना
(B) बोलना-पढ़ना
(C) पढ़ना-लिखना
(D) सुनना-लिखना

17. निम्नलिखित में कौन-सा ऐसा शब्द है जो हमेशा बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है?

(A) कन्या
(B) आँसू
(C) जाति
(D) कमरा

18. 'सेठ' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है-

(A) सेठी
(B) सेठाइन
(C) सेठानी
(D) सेठनी

19. देवनागरी लिपि में कौन-सी भाषा नहीं लिखी जाती?

(A) संस्कृत
(B) मराठी
(C) बोडो
(D) गुजराती

20. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(A) आयू
(B) पुरुष
(C) प्रश्न
(D) संवाद

21. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) अत्याधिक
(B) सुत्र
(C) उन्नती
(D) गुरु

22. 'जो ईश्वर में विश्वास करता हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है–

(A) भक्त
(B) पुजारी
(C) आस्तिक
(D) पंडित

23. किस वाक्य में 'आँखों का तारा' मुहावरे का सही प्रयोग हुआ है?

(A) वह मेरी आँख का तारा है क्योंकि मैं उससे नफ़रत करता हूँ।
(B) माँ के लिए उसका बच्चा आँख का तारा होता है।
(C) वह दूसरों को हमेशा तकलीफ़ पहुँचाता है इसलिए सब लोग उसे अपनी आँख का तारा मानते हैं।
(D) जब मेरी आँख में दर्द होता है तब मुझे लगता है कि मेरी आँख का तारा कमज़ोर हो गया है।

24. 'बिलकुल असर न होना' अर्थ को व्यक्त करने वाल मुहावरा है–

(A) कान पर जूँ न रेंगना
(B) आड़े हाथों लेना
(C) आँच न आने देना
(D) आसमान पर थूकना

25. 'धोखा देना' अर्थ को व्यक्त करने वाला सही मुहावरा है–

(A) आँखों में खटकना
(B) आँखों से गिरना
(C) आँखों में धूल झोंकना
(D) आँखों पर पर्दा डालना

26. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कौन-सी है?

(A) ईटानगर
(B) शिलांग
(C) कोहिमा
(D) इंफाल

27. मेघालय की राजधानी कौन-सी है?

(A) गुवाहाटी
(B) ईटानगर
(C) आइज़ोल
(D) शिलांग

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

पो चीन के तांग राजवंश में उच्चाधिकारी और कवि थे। एक दिन उन्होंने पेड़ की एक शाखा पर बैठे बौद्ध महात्मा को ध्यान करते हुए देखा। उनके मध्य यह वार्तालाप हुआ–

पो: ''महात्मा, आप इस पेड़ की शाखा पर बैठकर ध्यान क्यों कर रहे हैं? जरा-सी भी गड़बड़ होगी और आप नीचे गिरकर घायल हो जाएँगे!''

महात्मा: ''मेरी चिंता करने के लिए आपका धन्यवाद, महामहिम। लेकिन आपकी स्थिति इससे भी अधिक गंभीर है। यदि मैं कोई गलती करूँगा तो मेरी ही मृत्यु होगी, लेकिन शासन के इतने ऊँचे पद पर बैठकर अगर आप कोई गलती कर बैठेंगे तो सैंकड़ों-हजारों मनुष्यों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।''

28. पो कौन था?

(A) पो एक चीनी व्यक्ति था।
(B) वह चीन के तांग राजवंश का एक उच्चाधिकारी था।
(C) वह एक कवि भी था।
(D) तीनों उत्तर सही हैं।

29. बौद्ध महात्मा ने पो के प्रश्न का जो उत्तर दिया उसका क्या आशय था?

(A) बड़े पदों पर कार्य करने वाले व्यक्तियों को बहुत सावधानी से कार्य करना चाहिए।

(B) बड़े पदों पर कार्य करने वाले लोग हमेशा गलतियाँ करते हैं।

(C) बड़े पदों पर कार्य करने वाले लोगों के कार्य लोगों की जान ले सकते हैं।

(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

30. पो ने पेड़ की शाखा पर बैठे ध्यान करते हुए किसे देखा?

(A) बौद्ध महात्मा (B) सन्यासी

(C) हज़ार मनुष्य (D) महामहिम

GRADE

5

HINDI